Visit MC
13/12/2024

सेवा में,

श्रीमान नगर आयुक्त महोदय,
नगर निगम लखनऊ।

विषयः– चोक सीवर लाईन को ठीक किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना हैं कि प्रार्थी का आवास नगर निगम के बाल्दा कार्यालय, समिती कक्ष–10, महानगर, गोलमार्केट के पास है, जहॉ पिछले एक साल से सीवर लाईन ध्वस्त हो जाने के कारण पूर्ण रूप से सीवर लाईन चोक हो गयी है, जिसको ठीक कराने के लिए पहले भी ऑनलाइन शिकायत कर चुका हूँ। सीवर की गंदगी सड़क पर बहने के कारण बाल्दा कार्यालय के बगल की रोड पूर्ण रूप से लोगो द्वारा इस्तेमाल नही की जा रही है। पूरे मोहल्ले में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। सडक पर बडी–बडी घास तक उग गयी है और अज्ञात लोगो द्वारा भी रात को यहॉ कूडे का ढेर लगा दिया जाता है। जिससे यहॉ महामारी फैलने की हमेसा ही सम्भावना बनी रहती है। जिसकी फोटो भी आपको इस पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूँ।

अतः आपसे निवेदन है कि सम्बन्धित को सीवर की लाईन पूर्ण रूप से ठीक किये जाने की ? कार्यवाही किये जाने हेतु एवं सड़क की लगातार साफ–सफाई किये जाने हेतु आदेशित करना करने का कष्ट करें।

आपकी महान कृपा होगी। प्राथी सदा आपका अभारी रहेगा।

धन्यवाद।

संलग्नकः स्थल की रंगीन छायाप्रति।

प्रार्थि
[signature] 10/12/24
यश विजय प्रकाश गुप्ता
भवन सं0: 525ए/486/06, महानगर, गोलमार्केट,
निकटः बाल्दा कार्यालय, कक्ष समिति–10,
नगर निगम लखनऊ।
मो0– 9125994444

GM Jal kal
[signature]
20/12/2024